५ श्री सद्गुरू देवाय नमः ५ ओ३म् ५ जय माता दी ५
५ सीताराम बाबा जी ५ जय बाबा की ५ श्याम बाबा ५
५ ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! ५
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 10 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦बृहस्पतिवार ♦16 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया




## प्रदेश का हर क्षेत्र होगा समृद्ध : धामी

**20-89 करोड़ के खटीमा-मेलाघाट सड़क पुनर्निर्माण कार्यों का शिलान्यास**



खटीमा। सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जनपद ऊधम सिंह नगर के खटीमा- मेलाघाट राज्य मार्ग के पुनर्निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया। यह परियोजना 2089.74 लाख की लागत से स्वीकृत की गई है। इसके अंतर्गत 11.50 किलोमीटर लंबी सड़क का पुनर्निर्माण, केसी ड्रेनेज सिस्टम, सड़क सुरक्षा कार्य, रोड साइनएज की स्थापना, तथा टीबीएम एवं बीसी द्वारा सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सड़क केवल खटीमा क्षेत्र के विकास की धुरी नहीं है, बल्कि भारत-नेपाल सीमावर्ती संपर्क का भी महत्वपूर्ण मार्ग है। इस सड़क के सुधारीकरण से खटीमा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को न केवल सुगम यातायात सुविधा मिलेगी, बल्कि सीमावर्ती व्यापार,(शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम ने 9 एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी



खटीमा( उद संवाददाता)। हंस फाउंडेशन देहरादून के सहयोग से प्रदत्त 8 व हिन्दुस्तान जिंक व ममता संगठन के संयुक्त सौजन्य से प्राप्त 1 मोबाईल स्वास्थ्य सेवा वाहन को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने निजी आवास नगला तराई से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हंस फाउंडेशन तथा हिन्दुस्तान जिंक कम्पनी व ममता संगठन के यह प्रयास स्वास्थ्य के क्षेत्र में पहल की गई है जो सराहनीय है। उन्होने कहा कि मोबाईल स्वास्थ्य सेवा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए काफी लाभदायक होगी। उन्होने कहा कि जनता स्वास्थ्य सुविधाओ का अधिक से अधिक लाभ उठाये। उन्होने इस नेक कार्य के लिए सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रोजेक्ट मैनेजर हंस फाउंडेशन युद्धवीर सिंह ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा जो 8 जो मोबाइल यूनिट दी गई हैं उनमें से 4 मोबाइल यूनिट जनपद उधम सिंह नगर में व 4 मोबाइल यूनिट जनपद नैनीताल में स्वास्थ सेवाएं देंगी। हिन्दुस्तान जिंक कंपनीनिदेशक अनामिका झा ने अवगत कराया कि राजस्थान के 4 जनपद व उत्तराखण्ड (शेष पृष्ठ 7 पर)







## पहचान छिपाकर यौन उत्पीड़न करने वाला गिरफ्तार



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देशानुसार जनपद पुलिस महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए है। इसी कड़ी में कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहचान छिपाकर धोखाधड़ी, ब्लैकमेल और यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दरअसल 14 अक्टूबर 2025 को एक महिला द्वारा कोतवाली रुद्रपुर में शिकायत दर्ज कराई गई कि उसकी पहचान एक व्यक्ति से आहद ठाकुर नाम से हुई थी, जो स्वयं को हिन्दू बताता था। कुछ समय बाद उक्त व्यक्ति ने उसकी रिकॉर्डिंग का दुरुपयोग कर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। (शेष पृष्ठ सात पर)

## मासूम के साथ दरिंदगी की कोशिश

**नग्न अवस्था में मिली मासूम बच्ची**



रूद्रपुर। शहर के निकट स्थित ढिल्लो फार्म के एक खेत में मासूम बच्ची के साथ रेप की कोशिश की घटना से हड़कम्प मच गया। फार्म में मौजूद लोगों ने जब बच्ची के चीखने की आवाज सुनी तो आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस अधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी की तलाश के लिए कांबिग अभियान चलाया। जानकारी के मुताबिक किच्छा बाईपास रोड पर बीएचएल के सामने स्थित ढिल्लो फार्म के खेत में सुबह करीब सात बजे एक युवक करीब पांच छह साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की कोशिश कर रहा था, तभी बच्ची चीखने (शेष पृष्ठ सात पर)






# सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्रों में गश्त और पिकेट ड्यूटी बढ़ाए : मीणा

## मासिक अपराध गोष्ठी में एसएसपी ने की लंबित विवेचना पर लगाई फटकार ,उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा कोतवाली सभागार में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत में एसएसपी ने अधिकारियों कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 9 कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिनमें सीपीयू प्रभारी जगदीश राम कोहली, उप निरीक्षक सीपीयू विक्रम सिंह,उप निरीक्षक सीपीयू जगत सिंह भंडारी, अपर उप निरीक्षक यातायात प्रकाश नगरकोटी,हेड कांस्टेबल सीपीयू जाकिर हुसैन, महिला कांस्टेबल यातायात भूमिका,कांस्टेबल सीपीयू मोहम्मद हाशिम,कांस्टेबल यातायात रंजीत सिंह व ओपी आनंद सिंह बिष्ट शामिल हैं।एसएसपी ने जहां विवेचना में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों को फटकार लगाई वहीं बेहतर कार्य करने वालों का उत्साहवर्धन भी किया। अपराधों, विवेचनाओं और अभियोगों की गहन समीक्षा कर गुणवत्ता पर विशेष बल। दिया गया।गत माह के अपराधों की समीक्षा के दौरान एसएसपी ने कहा कि विवेचना की गुणवत्ता, अभियोग पंजीकरण और त्वरित निस्तारण पुलिस की साख से जुड़ा है।सभी विवेचकों के विवेचना का पृथक पृथक अवलोकन करलंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने तथा फॉरेंसिक टीम से समन्वय स्थापित कर साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए।विवेचकों को





विवेचना में लापरवाही पाए जाने पर आगामी गोष्ठी में सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई।उन्होंने त्योहारों के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, अपराधियों, टप्पेबाजों व जेबकतरों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आगामी धनतेरस, दीपावली व भैय्या दूज पर स्थानीय बाजारो में भीड़-भाड़ में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्रों में गश्त और पिकेट ड्यूटी बढ़ाएं, भीड़भाड़ वाले बाजारों, ज्वैलरी दुकानों, बैंकों, मेडिकल स्टोर्स आदि में सीसीटीवी चेक कर लगवाना सुनिश्चित करेंसाइबर फ्रॉड, जेबकतरे, टप्पेबाजों पर सख्त निगरानी रखी जाए तत्काल कार्यवाही की जाय। दीपावली पर चिन्हित स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी पटाखों की दुकान लगने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाय।दीपावली पर्व के दृष्टिगत फायर सर्विस विभाग को भी अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश देते हुए कहा कि दीपावली पर्व के दौरान भीड़भाड़ वाले इलाकों एवं पटाखा बाजारों में अग्निशमन उपकरणों और फायर टेंडर की तैनाती सुनिश्चित की जाए।अपने अपने क्षेत्र में फायर सेफ्टी की दृष्टि से आवश्यक सावधानियां बरतें और किसी भीआकस्मिक स्थिति में तत्काल रिस्पॉन्स सुनिश्चित करेंअग्निशमन विभाग को सभी फायर हाइड्रेंटों की जांच करने के निर्देश दिए गए। सार्वजनिक स्थानों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश व संदिग्ध स्थानों की पहचान कर निरंतर चेकिंग व निगरानी बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जुआ खेलने या उसके संचालन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। गोष्ठी में सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि साईबर सेल से समन्वय स्थापित कर ऑनलाइन धोखाधड़ी में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर ट्रैफिक प्लान लागू करने और समय से जनता को अवगत कराने के निर्देश दिए गए। महिलाओं/ नाबालिकों के प्रति अपराधों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।थानों में संचालित विभिन्न पोर्टलों पर डेटा अपडेट और मॉनिटरिंग को लेकर समीक्षा की गई।एसएसपी ने कहा ग्राउंड जीरो पर परफॉर्मेंस और डाटा परफॉर्मेंस दोनों मजबूत होने चाहिए।गोष्ठी में एसपी क्राइम यातायात जगदीश चन्द्रा, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी, सीओ लालकुआं श्रीमती दीपशिखा अग्रवाल, सीओ रामनगर सुमित पांडे, सीओ नैनीताल अमित कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार, प्रतिसार निरीक्षक हरकेश सिंह, निरीक्षक एलआईयू ज्ञानेंद्र शर्मा, सभी थाना, चौकी, शाखा, यातायात, सीपीयू प्रभारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# रामनगर में यूकेडी महाधिवेशन के दौरान हंगामा

## पत्रकार के साथ अभद्रता मोबाइल छीनकर वीडियो किया डिलीट, माइक भी छीना

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के 22वें द्विवार्षिक महाधिवेशन के दौरान बुधवार को उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब केंद्रीय अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस छिड़ गई। स्थिति तब और बिगड़ गई जब न्यूज18 के संवाददाता के साथ अभद्रता की गई। न केवल पत्रकार का मोबाइल फोन और माइक छीना गया, बल्कि रिकॉर्ड किया गया वीडियो भी जबरन डिलीट करवा दिया गया। इस घटना से मीडिया जगत में गहरा आक्रोश फैल गया है। यह घटना रामनगर के पिरूमदारा क्षेत्र के बसई में हुई, जहां यूकेडी का महाधिवेशन आयोजित किया गया था। बताया जा रहा है कि मंच पर ही कुछ कार्यकर्ता आपस में उलझ गए और देखते ही देखते बहस हाथापाई में बदलने लगी। इसी दौरान कार्यक्रम की कवरेज कर रहे न्यूज18 के रामनगर संवाददाता ने इस घटना का वीडियो रिकॉर्ड करना शुरू किया। पत्रकार का आरोप है कि जैसे ही कार्यकर्ताओं को कैमरे की रिकॉर्डिंग का पता चला, करीब 30-40 कार्यकर्ता उनकी ओर लपके और उन्हें घेर लिया। आरोप है कि पत्रकार को जबरन





एक कमरे में ले जाकर उनका मोबाइल फोन व माइक छीन लिया गया, और रिकॉर्ड किया गया वीडियो डिलीट करवा दिया गया। इस दौरान पत्रकार के साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की भी की गई। पत्रकार ने बताया कि उन्हें धमकाया गया और कार्यक्रम की कवरेज रोकने के लिए दबाव बनाया गया। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय सोशल मीडिया एक्टिविस्ट मयंक मैनाली ने भी इस पूरे घटनाक्रम की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने पत्रकार को बचाने की कोशिश की, तो उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। मयंक ने कहा पत्रकार को बचाते हुए मेरा भी कॉलर पकड़ा गया, शर्ट के बटन तक टूट गए। किसी तरह हमने खुद को बचाया।इस शर्मनाक घटना के बाद स्थानीय पत्रकारों में भारी रोष व्याप्त है। मीडिया कर्मियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे धरना-प्रदर्शन करने को विवश होंगे। इस संबंध में रामनगर कोतवाली के एसएसआई मोहम्मद यूनुस ने बताया कि पीड़ित पत्रकार की ओर से लिखित तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा, ष्जांच के आधार पर जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विकास के लिए हमेशा याद रहेंगे नगर आयुक्त दुर्गापाल

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। शासन द्वारा रविवार को प्रशासनिक फेरबदल करते हुए रूद्रपुर नगर निगम के मुख्य नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल का स्थानांतरण किया है। उन्हें अब उत्तराखण्ड चकबंदी विभाग में संयुक्त संचालक की जिम्मेवारी सौंपी गई हैं। नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के स्थानांतरण की खबर नगरवासियों को मिलते ही दनके चहरों पर मायूसी सी छा गई। श्री दुर्गापाल का पिछले कई वर्षों से नगर के विकास में अविस्मरणीय योगदान रहा है। किसी भी समस्या की जानकारी मिलने पर वह स्वयं सम्बंधित वार्ड में जाकर स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधि से बातचीत कर समस्या का समाधान करने में जुट जाते थे। पिछले कई दशकों से नगर के कलंक के रूप में पहचान बने कूड़े के पहाड़ को श्री दुर्गापाल ने जनपद के वरिष्ठ प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर पूरी तरह से साफ कर इसे सुन्दर पार्क का रूप दे दियौ जिसके लिए निगम को



सम्मानित भी किया गया। साथ ही जनहित के इस कार्य की सर्वत्र सराहना भी की गई। इतना ही नहीं नगर आयुक्त के रहते श्री दुर्गापाल ने लघु व्यापारियों की समस्या के साथ साथ शहर की यातायात समस्या का एक साथ समाधान करते हुए नगर निगम के सामने सिंचाई विभाग की जमीन को निगम में हस्तरांतरित करते हुए वहां वेंडिंग जोन की स्थापना कर सैकड़ों व्यापारियों को रोजगार करने के लिए आसान शर्तों पर दुकानें उपलब्ध करवाई। रूद्रपुर महानगर क्षेत्र में जो सड़कें बदहाल अवस्था में थीं उनका जनप्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श कर निर्माण करवाया। श्री दुर्गापाल ने रूद्रपुर महानगर को प्रदेश के साथ ही देश में आदर्श के रूप प्रस्तुत करने के लिए जो योजनायें बनायी थी वह अब कब पूरी होंगी या होंगी भी या नहीं यह एक प्रश्न चिन्ह बन चुका है।

# सीएचसी चौखुटिया की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ग्रामीणों ने निकाली जनआक्रोश रैली

## बोल पहाड़ी हल्ला बोल के नारों से गूंजी उठी गेवाड़ घाटी

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। सीएचसी चौखुटिया की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ग्रामीणों के सब्र का बांध आखिरकार अब टूट चूका। लोगों ने स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की कमी, दवाओं के अभाव और एंबुलेंस सुविधा ठप जैसी मुद्दों पर कड़ा रोष जताया, स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ ग्रामीणों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। कहा कि मांगों पर प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। प्रसव, दुर्घटना व आपातकालीन स्थिति में मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिलता, जिससे कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। चौखुटिया की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लोगों का भारी रोष देखने को मिला। रैली में गांवों से जत्थों के साथ लोग रामगंगा आरती घाट में पहुंचे।



लोगों ने सैकड़ों की संख्या में सड़क में उतर जोरदार जन आक्रोश रैली निकाली। इस दौरान बोल पहाड़ी हल्ला बोल के नारों से गेवाड़ घाटी गूंज उठी।जन आक्रोश रैली के माध्यम से जोरदार नारेबाजी की। इस मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि पिछले दो अक्टूबर से ग्रामीण बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर आमरण अनशनपर बैठे है। लेकिन सरकार की ओर से करीब पांच हजार से अधिक लोगों ने बाजार भर में विरोध जुलूस निकाला। सरकार पर क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाया। रैली में महिलाएं, युवा, बुजुर्ग और व्यापारी शामिल रहे।

# बिना एस्टीमेट के डबल पोल समेत ट्रांसफार्मर की 24 घंटे में हुई शिफ्टिंग

दिनेशपुर। दिनेशपुर-दुर्गापुर रोड पर बिजली विभाग के कथित मनमानी का मामला अब एक नया मोड़ ले चुका है। किसान के खेत से बिना किसी स्वीकृत इस्टीमेट और नियमानुसार प्रक्रिया के ट्रांसफार्मर और बिजली के खंभे हटवाए जाने की खबर जैसे ही उजागर हुआ तो हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार, अब जेई द्वारा आनन फानन में कागजी कार्रवाई पूरी करने और इस्टीमेट तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिसे ग्रामीण मामले पर लीपापोती करार दे रहे हैं। दुर्गापुर नंबर 2 रोड पर एक किसान के खेत से ट्रांसफार्मर और पोल हटाने का कार्य चल रहा था। ग्रामीणों और प्रभावित किसान का गंभीर आरोप है कि संबंधित अधिकारी ने विभागीय नियमों को पूरी तरह दरकिनार कर दिया। नियमानुसार, किसी भी निजी संपत्ति से बिजली के उपकरण हटाने से पहले इस्टीमेट पास कराना, निर्धारित शुल्क जमा कराना और संबंधित पक्ष को लिखित सूचना देना अनिवार्य होता है, लेकिन जब इस संबंध में जेई से दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई भी स्पष्ट कागजात या स्वीकृति आदेश प्रस्तुत नहीं कर सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कार्रवाई पूरी तरह से मनमानी और अवैध तरीके से की गई है। इस मनमानी से न सिर्फ किसान को



आर्थिक नुकसान हो रहा था, बल्कि विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए थे। ग्रामीणों का कहना है कि यह देर से आई जानकारी है और केवल मामले को दबाने की कोशिश है। प्रभावित किसान और स्थानीय ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च-स्तरीय जांच करवाने की मांग दोहराई है। उनका कहना है। कि नियमों का उल्लंघन करने वाले संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी अधिकारी इस तरह की मनमानी और भ्रष्टाचार न कर सके। वहीं मामले में अधीक्षण अभियंता देवेन्द्र कुमार जोशी का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है जिसमें जो भी दोषी पाए जाते हैं उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

**आवश्यकता है**

केएमसी हॉस्पिटल हेतु तीन-चार वर्ष का अनुभव रखने वाले एक टैली ऑपरेटर की, जिसे एक्सेल का भी ज्ञान हो।
आकर्षक वेतन
-संपर्क करें-
Mob. 98975 00003
63999 00003

# नये मेले और पुरानी परंपराऐं दोनों एक दूसरे के बिना अधूरे: सुशील गाबा

रूद्रपुर। दीपावली पर मुख्य बाजार की परंपराओं एवं गांधी पार्क में लगे नये मेले के बीच सांमजस्य एवं पोषण को समाजसेवी सुशील गाबा नें आवश्यक



बताते हुये नये मेले तथा पुरानी परंपराओं को शहर के लिये महत्तवपूर्ण बताते हुये कहा कि दोनों ही एक दूसरे के बिना अधूरे है। जारी बयान में समाजसेवी सुशील गाबा नें कहा कि दीपावली देश का प्रमुख त्यौहार है। इस त्यौहार में देश के सभी बाजारों में ही खील- बताशे, सजावटी डेकोरेशन, बिजली उपकरणों, मूर्तियों, दिये आदि मिट्टी के सामान, पूजन में कार्य आनें वाले ऐपण, फल फूट, मिठाइयां आदि की खरीदारी होती है। देश के हर शहर के मुख्य बाजार में स्थित दुकानों के सामने इन सब दीपावली सीजन के लघु व्यापारियों से दुकानें सज उठती है। इन सबको देखनें पूरे क्षेत्र से लोग बाजार में उमड़ आते हैं। लघु दुकानदारों के साथ ही पुराने दुकानदारों, नगर निगम, क्षेत्रीय जनता से लेकर राज्य व राष्ट्र को आर्थिक लाभ होता है। इसमें सभी का लाभ ही लाभ है, किसी की हानि नहीं है। श्री गाबा नें आगे कहा कि इस दौरान मुख्य बाजार में हजारों लोग एक साथ सपरिवार मौजूद रहते है। कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था की दुरूस्ती के उपाय भी साथ ही साथ चलते रहते हैं। बढ़ती आबादी को देखते हुये निजी चौपहिया वाहनों व सार्वजनिक यातायात में महत्तवपूर्ण स्थान रखनें वाले टुकटुक आदि 5 दिन के लिये रोक दिये जाते है तथा गांधी पार्क में पार्किंग की अस्थायी व्यवस्था कर जाम से राहत के इंतजाम किये जाते हैं। समाजसेवी सुशील गाबा नें आगे कहा कि इस बार उत्तराखंड शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन तथा नगर निगम नें गांधी पार्क में दीपावली मेले का आयोजन किया है, जिसमें देशभक्ति गीत, एकल, युगल तथा सामूहिक गायन, वादन एवं रंगारंग कार्यकम संपादित हो रहे है। यह देख स्वयं उनका और जनता का मन प्रसन्न हो रहा है, लेकिन इसके साथ ही हमें बाजार की परंपराओं की रौनकें बहुत कम देख चिंता भी हो रही है। पुरानी परंपराओं तथा दीपावली मेले, इन दोनों को एक-दूसरे के साथ जोड़नें की सख्त जरूरत पूरा रूद्रपुर व क्षेत्रीय जनता महसूस कर रही है। यदि इन दोनों को देखें, तो यह दोनो एक दूसरे के पूरक ही लग रहे है। यदि गांधी पार्क में रंगारंग कार्यक्रमों व दुकानों के साथ ही मुख्य बाजार में सफेट पट्टी के पीछे लघु व्यवसायियों को पूर्व की भांति दुकानें लगानें की परंपराओं का संरक्षण किया जाये, तो लघु दुकानदारों, पुराने दुकानदारों, नगर निगम, क्षेत्रीय जनता, उत्तराखंड राज्य, भारतवर्ष देश की अर्थव्यवस्था सभी को लाभ ही लाभ होगा, किसी की हानि नहीं होगी। साथ ही असली खुशियों, रौनकों, तरक्की से भरी रूद्रपुर की दीपावली का असली आनन्द क्षेत्रीय जनता को मिल सकेगा।

# जिलाधिकारी ने कमिश्नर से की शिष्टाचार भेंट

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नवागंतुक जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बुधवार को कुमाऊं आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों अधिकारियों के मध्य जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं, जनहित कार्यों तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक के दौरान कुमाऊं आयुक्त ने नवागंतुक जिलाधिकारी को जिले की प्राथमिकताओं, पर्यटन विकास, आपदा प्रबंधन एवं जनकल्याणकारी योजनाओंके प्रभावी



क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा।

# बागजाला वासियों का बेमियादी धरना 59 वें दिन भी जारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बागजाला को मालिकाना अधिकार देने, निर्माण कार्यों पर लगी रोकहटाने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने, विकास कार्य शुरू करने, पेयजल योजना चालू करने समेत आठ सूत्रीय मांगों पर अनिश्चितकालीन धरना बागजाला गांव के धरना स्थल पर 59 वें दिन भी जारी रहा।अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी ने बजट जारी होने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं होने के लिए पीडब्ल्यूडी को रोष व्यक्त करते हुए चेतावनी दी गई थी कि 13.31 लाख का बजट जारी नहोने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो धरने को पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सम्मुख शिफ्ट किया जायेगा। इस चेतावनी का संज्ञान लेते हुए पीडब्ल्यूडी के एई, जेई अपनी पूरी टीम के साथ बागजाला के धरना स्थल पर पहुंचे। उसके बाद महासभा बागजाला के पदाधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कराते हुए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सड़क की हालत दिखाई। जिस पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने सड़क की नाप जोख करते हुए सड़कमरम्मत शीघ्रता से करने का आश्वासन दिया है। किसान महासभा ने



कहा कि यदि अब भी सड़क का निर्माण शुरू नहीं हुआ तो लोक निर्माण विभाग के कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया जायेगा। महासभा प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने कहा बागजाला गांव में घरों के निर्माण कार्यों पर लगी रोक अभी तक जारी है। यदि वन विभाग अपनी जिद पर अड़ा रहा तो निर्माण कार्यों पर लगी रोक को हटाने के लिए अब वन विभाग के तराई पूर्वी डीएफओ कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। 59 वें दिन विमला देवी, वेद प्रकाश, आनन्द सिंह नेगी, हेमा देवी, हरक सिंह बिष्ट, गोपाल सिंह बिष्ट, मो. परवेज, आजम, भोला सिंह, मीना भट्ट, चन्दन सिंहमटियाली, इशरार अहमद, हेमा आर्य, गणेश राम, विमला देवी, पार्वती देवी, दीवान राम, सुनीता देवी, ललित प्रसाद, देवकी देवी, गीता, सोहन लाल, हरीश, दुर्गा देवी, देवकी, नसीम, हीरा देवी, नीलम आर्य, महेश राम, नीमा देवी, दिनेश चन्द्र, शान्ति देवी, शहजाद, मारूफ अली, इलियास, मजू सिंह, सविता देवी, नसीम, चन्द्र प्रकाश, दिनेश चन्द्र,विमला पाण्डे, दीपा देवी, पूजा, विमला, वासुदेव, भूवन चन्द्र, लीला देवी, सरस्वती देवी, ललित प्रसाद, महेश राम, सुकेलाल, तुलसी देवी, चम्पा देवी, सुलेमान मलिक आदि शामिल रहे।

# कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने किया महिला पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बुधवार को महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने हल्द्वानी में राजकीय महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र के निर्माणाधीन नए भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिये। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि



सरकार ने जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंचे पुराने भवन के स्थान पर नया भवन बनाने के लिए 8 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इस केंद्र में आधुनिक सुविधाओं जैसे प्रशिक्षण कक्ष, योग कक्ष, मनोरंजन कक्ष और परामर्श कक्ष जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी वर्षा आर्या, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट और अन्य अधिकारी-कर्मचारी गण भी उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर गोद भराई और अन्नप्राशन संस्कार संपन्न

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला बाल विकास विभाग की ओर से संजय नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर विशेष कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पारंपरिक रीति -रिवाजों के साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने वाले संदेश भी दिए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महिला बाल विकास विभाग से श्रीमती आशा नेगी, पार्षद एम.पी. मौर्य, पार्षद कैलाश राठौर और मानवेन्द्र राय उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं द्वारा पारंपरिक तरीके से किया गया।इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री एवं सहायिकाओं द्वारा अपने हाथों से बनाए गए विभिन्न पौष्टिक व्यंजनों का स्टॉल भी



लगाया गया, जिसमें बच्चों व गर्भवती महिलाओं के लिए पौष्टिक आहार के महत्त्व को दर्शाया गया। कार्यक्रम के समापन पर महिला बाल विकास विभाग, रुद्रपुर की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह स्वरूप औषधीय पौधा एलोवेरा भेंट किया गया। इस दौरान सुपरवाइजर प्रभा आर्या, सुधा शर्मा, रीता एवं कार्यकर्त्री प्रोनोति विश्वास, गीता, सोमा, संगीता, पूनम, अमरी, नीलिमा, तुलसी, कौशल्या, भारती, सुभद्रा, विपासा, सुशीला सहित कई अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं।

# खेड़ा सेक्टर में पोषण माह, गोद भराई एवं सम्मान समारोह आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)खेड़ा सेक्टर में पोषण अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पोषण माह मनाया गया।इस दौरान सेक्टर मे सामूहिक रूप से विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।जिसमें सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ती और सहायिकाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सीबीई के अंतर्गत गोद भराई समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें गर्भवती माताओं की गोद भराई की गई। इस अवसर पर सेक्टर सुपरवाइजर रीता, सीडीपीओ आशा नेगी, तथा अन्य सुपरवाइजर की उपस्थिति रही। सभीअधिकारियों ने पोषण माह के उद्देश्य "सुपोषित भारत, सशक्त भारत" को सफल बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान उत्तराखंड बोर्ड की कक्षा 12वीं में टॉपर सूची में नाम आने पर साक्षी यादव को पौधा देकर सम्मानित किया गया।



इसके साथ ही वार्ड की पार्षद श्रीमती शालू पाल को भी समाज सेवा और सहयोग के लिए पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।सभी प्रतिभागियों ने पोषण, स्वच्छता और स्वस्थ जीवन के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यकत्री शकुंतला पाल, मीरा, संध्या, हिना,शकुंतला देवी, कंचन, निशा, अवलेष, सुनीता, राखी, प्रेमशिला, खुशबू, सलमा, अमिता पाल, राफिना, जयवंती रजवार, मंजू शर्मा, भावना, राधा डोगरा, शीला सागर, मधु, सुनीता, शशि, कनिष्क सभी कार्यकत्रियों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सरकार की पुत्री बनी डॉक्टर

दिनेशपुर(उद संवाददाता)।ऑल इंडिया आयुर्वेद मेडिकल पोस्ट ग्रेजुएट एंट्रेंस 2025 में उत्तराखंड से जनरल एक सीट पर निशा सरकार का चयन हुआ निशा सरकार का स्त्री एवं प्रस्तुति रोग



विशेषज्ञ आयुर्वेद के लिए ऋषिकुल आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज हरिद्वार में चयन हुआ है। इस चयन से दिनेशपुर में खुशी की लहर है। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास पर स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। निशा सरकार के घर में बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। बता दें निशा सरकार दिनेशपुर भाजपा जिला उपाध्यक्ष काशीपुर हिमांशु सरकार एवं दिनेशपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरपर्सन सीमा सरकार की छोटी पुत्री है।निशा ने 2018 में किड्स पैराडाइज पब्लिक स्कूल से इंटर पास किया और उसी साल आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज रुड़की से बी ए एम एस में दाखिला लिया। 2024 में बीएएमएस कंप्लीट करके ऑल इंडिया आयुर्वेद मेडिकल पोस्ट ग्रेजुएट एंट्रेंस की तैयारी की और कड़ी मेहनत के बाद सामान्य वर्ग में उत्तराखंड में केवल एक ही सीट में निशा ने अपना स्थान पक्का किया। उत्तराखंड से तीसरे स्थान पर मेरिट लिस्ट में निशा सरकार ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस खुशी और गर्व के क्षणों में हिमांशु सरकार, सीमा सरकार एवं निशा सरकार को बधाई देने के लिए शहर के वरिष्ठ एवं सामाजिक संगठनों के लोग पहुंचे। जिसमें सबसे पहले किड्स पैराडाइज पब्लिक स्कूल जहां निशा सरकार ने प्रारंभिक शिक्षा हाई स्कूल एवं इंटर तक पढ़ाई की उनके प्रबंधक सतेंद्र सिंह मांन तथा प्रधानाचार्य जीपी होता व राजकुमार शाह प्रदेश अध्यक्ष बंगाली महासभा भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल, रवि सरकार प्रदेश अध्यक्ष बंगाली कर्मचारी उन्नयन समिति उत्तराखंड, मनोज राय, अनामी विश्वास, विकास सरकार, काजल राय, प्रकाश कोश्यारी मोहन सिंह पानू ,श्याम सिंह ,अमल राय, भावेश हालदार श्रीमती सुनील मिस्त्री प्रभा राय,इति मंडल,उर्मिला राय,प्रमिला मंडल, मीना मंडल,शिरवा ढाली,राधा विशवास, नरेंद्र सिंह कोरंगा, श्याम सुंदर जमुना मंडल, इति पूजा सरकार, बबली सरकार, प्रमोद मंडल तथा प्रभाती मंडल ने उनको मिठाई खिलाते हुए बधाई दी।

## दिनेशपुर प्रेस क्लब ने भी दी शुभकामनाएं

दिनेशपुर। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सरकार के आवास पर पहुंचकर दिनेशपुर प्रेस क्लब के तमाम साथियों ने डॉ निशा सरकार को मिष्ठान खिलाकर उनको शुभकामना दी। प्रेस क्लब अध्यक्ष दुलाल चक्रवर्ती ने कहा कि डॉ निशा सरकार बुलंदियों की ओर बढ़ते रहें और सफलता उनके इसी तरह कदम चूमती रहे। इस मौके पर काजल राय, गौतम सरकार,दिवेन्दु राय, संजीव गाइन, अर्जुन कुमार, प्रकाश अधिकारी,नैनी बढई,कालीपद विशवास व अजय कुमार आदि तमाम मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

# स्वर्ण पदक जीतने पर डीएम ने कंचन बसेड़ा को किया सम्मानित

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्तर की जुजित्सु खिलाड़ी कंचन को अक्टूबर के बीच में उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में आयोजित राष्ट्रीय जीजूत्सु चेम्पिनशिप में तीन अलग-अलग स्पर्धाओं में दो स्वर्ण एवं एक रजत पदक जीतने पर जनपद



के जिलाधिकारी नितिन भदोरिया ने अपने कार्यालय में सम्मानित किया और खेल से संबंधित हर संभव सहायता देने का भरोसा जताया। कंचन के कोच किशोर सिंह डांगी ने जानकारी देते हुए बताया इस चौंपियनशिप में कंचन बसेड़ा ने फाइटिंग इवेंट में और निवाजा इवेंट में स्वर्ण पदक और कांटेक्ट फाइटिंग इवेंट में रजत पदक अपने नाम किया। साथ ही उन्होंने बताया कि कंचन बसेड़ा का चयन 1 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2025 के दौरान बैंकाक, थाईलैंड होने जा रही वर्ल्ड जुजित्सु चेम्पिनशिप के लिए भी हुआ है। कोच किशोर डांगी ने बताया कि कंचन बसेड़ा जो कि एक निर्धन परिवार से ताल्लुक रखती है को थाईलैंड में हो रही वर्ल्ड जुजित्सु चेम्पिनशिप के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता है एवं क्षेत्र के सभी सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं से आर्थिक सहायता देने की भी अपील की।


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
HOME APPLIANCES पर पाए ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
SONY
BRAVIA 5
CINEMA IS COMING HOME
98
BIGGER IS BETTER
AI
XR
YOUR HOME. YOUR CINEMA.
The big screen experience you've always wanted
BRAVIA 5 Range starts from Rs.1,33,660/-
BIG SAVINGS with GST BENEFITS & FESTIVE OFFERS
3 YEARS WARRANTY
1 EMI FREE
INSTANT CASHBACK Rs.25,000/-
BUY NOW AT Rs.19,995/-
SAMSUNG
The Big Bespoke AI Festival
₹ 194990 (1 यूनिट)
22.5%
1 EMI की छूट
₹ 48490 (1 यूनिट)
22.5%
0
GST
₹ 67990 (1 यूनिट)
20%
0
₹ 46990 (1 यूनिट)
7.5%
मुफ्त
₹ 21000
गुरू माँ
Guru Maa Enterprises
RUDRAPUR - 9927882338, Sony Center- 9927396666, KASHIPUR - Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555,
HALDWANI- Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, GEE AAR Elc. 9719077772,
GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544,
LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, LOHAGHAT - 9568035735, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.

# सीएम ने खरीदे मिट्टी के दीये और लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां

## स्थानीय दुकानदारों से की मुलाकात वोकल फॉर लोकल का दिया संदेश







खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार सायं अपने गृह क्षेत्र खटीमा पहुंचकर जनता के बीच सहजता और अपनापन का संदेश दिया। नगला तराई की ओर जाते समय मुख्यमंत्री का काफिला जैसे ही नगर क्षेत्र से गुजरा, वे अचानक रुक गए और स्थानीय बाजार की दुकानों की ओर बढ़ गए। मुख्यमंत्री धामी के अचानक पहुंचने से स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों के चेहरे खिल उठे। लोगों ने उनका स्वागत फूलों और नारों के साथ किया। मुख्यमंत्री ने दुकानों पर जाकर मिट्टी के दीये, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां और स्वदेशी उत्पाद खरीदे। उन्होंने सभी सामानों का ऑनलाइन भुगतान करते हुए लोगों को डिजिटल लेनदेन अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने दुकानदारों से संवाद करते हुए कहा कि दिवाली भारतीय संस्कृति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इस पर्व पर हमें 'देसी अपनाओ, स्वदेशी अपनाओ' के संकल्प को मजबूत बनाना चाहिए। स्वदेशी उत्पादों की खरीद से न केवल स्थानीय कारीगरों को लाभ होगा बल्कि हमारी परंपरा भी जीवित रहेगी। मुख्यमंत्री ने दुकानों पर 'स्वदेशी अपनाओ' के संदेश वाले स्टीकर भी लगाए और नागरिकों से अपील की कि वे इस दिवाली चीनी और विदेशी वस्तुओं की जगह स्थानीय उत्पादों और मिट्टी के दीयों का उपयोग करें। बाजार में आम लोगों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने उनकी कुशलक्षेम भी पूछी और छोटे व्यापारियों से दिवाली की तैयारियों की जानकारी ली। दुकानदारों ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनके आने से उन्हें प्रेरणा मिली है और बिक्री में भी उत्साह का माहौल बन गया है। स्थानीय दुकान दारो ने कहा मुख्यमंत्री को हमारे बीच देखकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने जो स्वदेशी का संदेश दिया, वह हमारे जैसे छोटे व्यापारियों के लिए बहुत हौसला बढ़ाने वाला है। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी अपने नगला तराई स्थित आवास पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधि कारी और स्थानीय जनता उनसे मिलने पहुंची। मुख्यमंत्री ने जनता से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई मुद्दों पर तत्काल समाधान के निर्देश भी दिए।इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री अनिल कपूर, शंकर कोरंगा,जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया,एस एसपी मणिकांत मिश्रा, वीसी जयकिशन, एमडी मंडी हेमंत वर्मा, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, एसपी सिटी डॉ. उत्तम सिंह नेगी, एसडीएम तुषार सैनी सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।









# खुली बैठक में ग्रामीणों ने उठाई कई समस्याएं



गदरपुर (उद संवाददाता) ।बुधवार की सुबह ग्राम सरोवर नगर के पंचायत भवन में ग्राम प्रधान मोहम्मद दानिश की अध्यक्षता में खुली बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत विकास अधिकारी पूनम पनेरी द्वारा ग्रामीणों की अनेकों समस्याओं को सुना जिसमें ग्रामीणों द्वारा जल संस्थान के टैंक का पानी घरों तक न पहुंचने की समस्या से अवगत कराया,वहीं ग्रामीणों द्वारा नाली निर्माण,आर सीसी का निर्माण,विधवा पेंशन,विकलग पेशन,वृद्धा पेंशन संबंधी प्रस्ताव पास कराए,बैठक में पहुंची वर्ल्ड हेल्प पाटनर इंपेक्ट इंडिया प्रोजेक्ट की कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर बसंती मेवाड़ी ने भारत सरकार द्वारा टी बी उन्मूलन कार्यक्रम प्रधानमंत्री टी वी मुक्त भारत अभ्यान को लेकर विस्तार से ग्रामीणों के साथ चर्चा की जिसमें टी बी के लक्षण एवं उपचार सरकार के द्वारा टी बी के रोगियों को दी जाने वाली सुविधा डी बी टी निक्षय पोषण योजना के बारे में विस्तार से ग्रामीणों को जानकारी दी गई।बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से पहुंची सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधि कारी प्रीति नेगी ने कक्षा 11 में या उससे ऊपर की कक्षा में अध्ययन कर रहे अल्पसंख्यक समाज के बच्चों के लिए अल्पसंख्यक विभाग द्वारा दी जा रही स्कॉलरशिप के बारे में जानकारी दी।वही ग्राम प्रधान मोहम्मद दानिश द्वारा ग्रामीणों से कहा गया कि किसी भी ग्रामीण को किसी भी कार्य के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक ग्रामीण तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान मोहम्मद उमर, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तुफैल अहमद, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ठाकुर रामपाल सिंह,सगीर अहमद,महबूब अली,हजारा सिंह,राजेंद्र सिंह, हरीश शर्मा, राकेश कंबोज,गुरुदेव सिंह,कश्मीर सिंह, मक्खन सिंह,गुरदीप सिंह,फिरासत अली सहित अनेको ग्रामीण बैठक में मौजूद रहे।



रूद्रपुर के मुख्य बाजार स्थित जेजे ज्वैलर्स पर खरीददारी करते ग्राहक

# स्थानांतरण पर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल को दी भावभीनी विदाई

## उत्कृष्ट कार्यकाल के लिए भव्य सम्मान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम रुद्रपुर के इतिहास में बुधवार का दिन यादगार बन गया, जब शहर की प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल को पदोन्नति के साथ देहरादून स्थानांतरित किए जाने पर नगर निगम सभागार में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी, पार्षद, ठेकेदार, व्यापारी और गणमान्य नागरिकों ने नगर आयुक्त को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी। नगर आयुक्त के सम्मान में सभागार तालियों से गूंज उठा । वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक कर्मठ, निष्ठावान और जनहितकारी अधिकारी बताया। महापौर विकास शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा नरेश दुर्गापाल जैसे अधिकारी मिलना दुर्लभ होता है। उनके कार्यकाल में नगर निगम ने जो ऊंचाइयां छुईं, वह उनकी पारदर्शी कार्यशैली और प्रशासनिक प्रतिबद्धता का ही परिणाम है। उनके नेतृत्व में निगम को चार बड़े पुरस्कार प्राप्त हुए, जो शहर के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने आगे कहा शहर का कोई भी नागरिक नहीं चाहता था कि नगर आयुक्त यहां से जाएं, लेकिन प्रशासनिक व्यवस्था में स्थानांतरण एक अनिवार्य प्रक्रिया है। हमसे एक प्रतिभाशाली अफसर छिन गया है जिसकी कमी लंबे समय तक खलेगी। नगर आयुक्त ने अपनी उत्कृष्ट शैली से नगर सिर्फ प्रशासन से जनता के दिलों में एक अलग छवि बनाई। नगर आयुक्त की कमी नगर निगम को हमेशा खलती रहेगी। नरेश दुर्गापाल को नगर की जनता कभी भूल नहीं पायेगी। उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने कहा कि नरेश दुर्गापाल एक प्रेरणास्रोत अधिकारी रहे हैं। उन्होंने हमें सिखाया कि कठिन परिस्थितियों में भी कैसे संयम और साहस से निर्णय लिए जाते हैं। उनके अनुभव ने हमें निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। पार्षद संघ के अध्यक्ष राजेश जग्गा ने कहा कि नगर आयुक्त के दिशा निर्देशन में नगर निगम ने विकास के नये आयाम स्थापित किये हैं। इनके जैसा अधिकारी मिलना आसान नहीं है। रूद्रपुरवासियों को ऐसे ही अधि कारी की जरूरत है। पार्षद प्रतिनिधि राधेश शर्मा ने कहा कि जहाँ अन्य अधि कारी बस्तियों में जाने से कतराते हैं, वहीं श्री दुर्गापाल ने मलिन बस्तियों में जाकर हर नागरिक की आवाज सुनी और समस्याओं का समाधान किया। उनके प्रयासों से प्रदेश का पहला स्मार्ट वेंडिंग जोन बना, जो उनके दूरदृष्टि का उदाहरण है। स्वागत और सम्मान से भावुक हुए नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने कहा कि उन्हें इस टीम के साथ काम करके गर्व महसूस हुआ। उन्होंने कहा मुझे एक ऐसा माहौल मिला जहां सहयोग और समर्पण की भावना थी। महापौर विकास शर्मा की युवा और स्पष्ट सोच ने निगम को नई दिशा दी है। उनका नेतृत्व ही निगम की रफ्तार बना है। महापौर के रूप में विकास शर्मा के आने से नगर निगम एक तरह से पुनः जिंदा हो गया, उनकी युवा सोच का ही परिणाम है कि नगर निगम आज तेजी से आगे बढ़कर जनहित के कामों को धरातल पर उतार रहा है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व करने वाला तेज तर्रार और उर्जावान हो तो फिर कोई भी काम मुश्किल नहीं होता। उन्होंने कार्यकाल के दौरान सहयोग के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ साथ पार्षदों का भी आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि सभी ने उन्हें सम्मान और सहयोग किया। उन्होंने कहा मेरे जीवन में कई स्थानांतरण हुए, लेकिन आज जैसा स्नेह और सम्मान कभी नहीं मिला। रुद्रपुर से मेरा भावनात्मक जुड़ाव हमेशा बना रहेगा। जब भी इस शहर को मेरी जरूरत पड़ेगी, मैं हमेशा तत्पर रहूंगा। विदाई समारोह का संचालन मनोज कर्नाटक ने किया। कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, एसएनए रणदीप, स्वास्थ्य अधिकारी पियूष रंजन, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, पारस चुघ, हरजीत राठी, चिराग कालरा, सुनील रोहतगी, मुकेश राजौरिया, इन्द्रजीत सिंह, उमेद सिंह, कुलदीप कुमार, तपन कुमार, जुबक मोहन सक्सेना, प्रशांत जोहरी, शाहीन मलिक, प्रकाश चन्द्र पंत, हरीश सिंह,उमेश पंत, प्रवीण सक्सेना आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।





## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### गूगल का निवेश

अमेरिका की वीजा नीति और ट्रंप शुल्क से कारोबारी रिश्तों में दबाव के बीच गूगल की भारत में निवेश की घोषणा अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर बड़ी रणनीतिक सफलता है। विशाखापत्तनम में कृत्रिम मेधा का बड़ा केंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए गूगल समूह पांच साल में 1.33 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा। कृत्रिम मेधा के बढ़ते वैश्विक बाजार में यह निवेश इस बात को रेखांकित करता है कि कारोबार सुगमता के लिहाज से भारत वैश्विक स्तर पर पसंदीदा बना हुआ है।भारत के पास विशाल उपयोगकर्ता आधार है। स्पष्ट है कि आर्थिक कूटनीति के लिहाज से यह परियोजना भारत को वैश्विक स्तर पर मजबूती प्रदान करेगी। तकनीकी ताकत भी बढ़ेगी। इस निवेश की घोषणा के बाद गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया पर जो लिखा, उससे कई सार्थक संकेत मिले हैं। पिचाई के मुताबिक, निवेश से भारत में 1.83 लाख नई नौकरियां पैदा होंगी। विशाखापत्तनम के कृत्रिम मेधा परिसर की शुरूआती क्षमता एक गीगावाट से कई गीगावाट तक जाएगी। यह परिसर गूगल का अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा कृत्रिम मेधा केंद्र बनेगा, जो भारत को वैश्विक तकनीकी के मानचित्र पर और मजबूत करेगा। कई स्तरों पर इसके दूरगामी नतीजे होंगे।निस्संदेह, जिस तेजी से कृत्रिम मेधा क्षेत्र का विस्तार हो रहा है और अमेरिका तथा चीन जैसे मुल्क इसमें बढ़त लिए हुए हैं, उसे देखते हुए भारत को ऐसे निवेश और तकनीकी सहयोग की बहुत आवश्यकता है। यह कमी गूगल के निवेश से पूरी हो गई है। गूगल उसी देश की कंपनी है, जहां के राष्ट्रपति ने भारत पर शुल्क लगा कर दबाव बनाने की कोशिश की है। वे खुल कर कह चुके हैं कि वे नहीं चाहते, अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करें या निर्माण संयंत्र लगाएं। वे धमकी तक दे चुके हैं। एप्पल कंपनी के मुख्य कार्यकारी टिम कुक को दी गई भारी शुल्क लगाने की धमकी की यादें ताजा हैं। लगता नहीं है कि धमकियों के बावजूद एप्पल व अन्य ने भारत से काम समेटा। दरअसल, आने वाले दिनों में तकनीक के स्तर पर भारत चिप और कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका की योजना बना रहा है। इसके लिए मजबूत नीतियां तैयार की गई हैं और बड़ी कंपनियों से वैश्विक स्तर पर गठबंधन किए हैं। दूसरे, भारत की ताकत उसका बड़ा मध्यवर्ग है।

# रम्पुरावासियों ने फूंका संजय जुनेजा का पुतला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा बस्ती के अनेक लोगों ने आज राज कोली के नेतृत्व में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के पुतले को जोरदार नारेबाजी के बीच आग के हवाले किया। उनका आरोप है कि श्री जुनेजा बस्तियों के दुकानदार ठेली व फड़ वालों के खिलाफ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा बाजार क्षेत्र में गरीब ठेली वालों को नगर निगम प्रशासन द्वारा गांधी पार्क में दीपावली के कारोबार के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया गया है। जिसकां जुनेजा द्वारा विरोध किया जा रहा है। राज कोली ने कहा कि छोटे गरीब व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पुतला फूंकने वालों में भाजपा पार्षद गिरीश पाल, मीडिया प्रभारी राज कोली, राजकुमार कोली, चंद्रपाल कोली, मुकेश कोली, रोहित कोली, अमन कोली, भगवान देवी, रानी देवी, बबली,नरेश आदि शामिल रहे।



# पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ धरने पर बैठे जुनेजा



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। दीपावली पर्व के मौके पर मुख्य बाजार में एसएसआई द्वारा व्यापारियों से की गई अभद्रता और मनमानी के विरोध में आज व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा साथी व्यापारियों के साथ बाटा चौक पर एक घंटे के लिए धरने पर बैठे। उन्होंने रोषित भरे शब्दों में कहा कि बाजार में पुलिस की ज्यादती के कारण सभी व्यापारी अपना जरूरत का सामान दुकान तक भी नहीं ला पा रहे हैं। पुलिस कर्मी सामान के साथ कोई भी वाहन मुख्य बाजार में दुकान तक भी नहीं लाने दे रहे हैं। जिससे व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर के गाबा चौक, इंद्रा चौक, अग्रसेन चौक,डीडी चौक ट्रांजिट कैम्प समेत तमाम स्थानों पर लग रहे जाम के कारण लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जो एसएसआई नवीन बुधानी को नहीं दिखाई दे रहा है। उन्हें सिर्फ बाजार में ही जाम दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि एसएसआई बुधानी व्यापारियों के साथ अभद्रता से पेश आ रहे हैं जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संजय जुनेजा ने कहा कि व्यापारी हर पर्व में पुलिस प्रशासन का सहयोग करता आ रहा है। परंतु पुलिस ने भी जरूरत पड़ने पर व्यापारियों का सहयोग नहीं किया तो व्यापारी इसके खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इस दौरान उनके साथ मोहन खेड़ा, पवन गाबा पल्ली, राजकुमार सीकरी, सौरभ बेहड़, रिजवान अहमद, प्रांजल गाबा आदि भी धरने पर बैठे।

# चंपावत में 43 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास




## आदर्श चंपावत के स्वप्न को साकार करने की दिशा में विकास योजनाएं मील का पत्थर साबित होंगी : सीएम

चंपावत (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को चंपावत जिले के विकास के लिए 115.23 करोड़ की लागत की 43 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जीजीआईसी चंपावत में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 51.37 करोड़ की 22 योजनाओं का लोकार्पण एवं 63.86 करोड़ की 21 योजनाओं का शिलान्यास करते हुए कहा कि यह योजनाएं चंपावत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदर्श चंपावत के स्वप्न को साकार करने की दिशा में यह योजनाएं मील का पत्थर साबित होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत जिला, उत्तराखंड की आत्मा है और सरकार इसे राज्य का "मॉडल जिला" बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता हर क्षेत्र में संतुलित और गुणवत्तापूर्ण विकास सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया है, उनका कार्य समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं के साथ बैठकर भोजन भी किया। और उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की एवं पढ़ाई के संबंध में फीडबैक भी लिया। इस अवसर पर दायित्वधारी श्री श्याम नारायण पांडे, अनिल डब्बू, शंकर कोरंगा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रेमा पांडे, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अचला बोहरा, बराकोट ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सीमा आर्या, भाजपा प्रदेश मंत्री निर्मल मेहरा, पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल अन्य लोग उपस्थित रहे।

## चम्पावत-टनकपुर मार्ग का किया स्थलीय निरीक्षण

चंपावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र चम्पावत में टनकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के स्वाला डेंजर जोन का स्थलीय निरीक्षण किया। इस क्षेत्र में लगातार हो रहे भूस्खलन से आमजन की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। मुख्यमंत्री ने मौके पर पहुँचकर भूस्खलन प्रभावित पहाड़ी, मलबे की स्थिति, जल निकासी व्यवस्था तथा सड़क की स्थिरता का प्रत्यक्ष जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार ने मुख्यमंत्री को स्वाला भूस्खलन स्थल की भौगोलिक स्थिति, मलबे की मात्रा, जल प्रवाह की दिशा, भू-संरचना की प्रकृति तथा वैकल्पिक मार्गों की उपलब्धता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वाला क्षेत्र में स्थायी समाधान के लिए ठोस तकनीकी योजना तैयार की जाए ताकि भविष्य में इस मार्ग पर यातायात बाधित न हो। उन्होंने कहा कि 2026 तक इस मार्ग को पूर्णतः निर्बाध एवं सुचारु बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस क्षेत्र के निवासियों और यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में 24 घंटे राहत एवं पुनर्स्थापना कार्यों की मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि राजमार्ग पर मलबा हटाने हेतु पर्याप्त मशीनरी, जेसीबी, और मैनपावर हमेशा तत्पर रखी जाए ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। साथ ही वैकल्पिक मार्गों को भी पूरी तरह चालू और सुरक्षित रखा जाए। मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन को यह भी निर्देश दिए कि मार्ग से जुड़े गांवों के लोगों को समय-समय पर अपडेट किया जाए और आवश्यकतानुसार राहत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार ऐसी संवेदनशील स्थलों के स्थायी भू-वैज्ञानिक समाधान





# गांव गांव पहुँचकर मुख्यमंत्री ने जानी विकास कार्यों की प्रगति

## सीएम धामी ने अपने विधानसभा क्षेत्र चम्पावत का सड़क मार्ग से दौरा किया,ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

चंपावत (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र चम्पावत का सड़क मार्ग से दौरा किया। उन्होंने चम्पावत से टनकपुर तक के मार्ग में विभिन्न गांवों में रुककर ग्रामीणों से मुलाकात की और सीधा जनसंवाद स्थापित किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने अपने दौरे के दौरान मुड़ियानी, धौन, स्वाला, अमोड़ी, चल्थी, सिंयाड़ी, सूखीढांग और बस्तियां जैसे ग्राम क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, चल रहे विकास कार्यों, तथा जनसमस्याओं की जानकारी ली। हर स्थान पर मुख्यमंत्री का स्वागत अत्यंत गर्मजोशी से किया गया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत फूलों और मंगल गीतों के साथ किया। मातृशक्ति द्वारा दिए गए फूलों और आशीर्वाद को मुख्यमंत्री ने बड़े स्नेह से स्वीकार किया और कहा कि यह आशीर्वाद ही मेरे कार्यों की सच्ची ऊर्जा है। उन्होंने कहा कि चम्पावत की जनता का स्नेह और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्थानों पर बच्चों से भी संवाद स्थापित किया। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई, सपनों और करियर के बारे में पूछा तथा उन्हें मन लगाकर पढ़ने और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मुख्यमंत्री ने कहा "आप सभी बच्चे हमारे प्रदेश का भविष्य हैं। जिस दिन आप सभी आत्मविश्वास से अपने सपने पूरे करेंगे, उस दिन उत्तराखण्ड अपने विकास के सर्वोत्तम शिखर पर होगा। मुख्यमंत्री ने बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि सरकार लगातार शिक्षा और कौशल विकास के लिए ठोस कदम उठा रही है। चल्थी में मुख्यमंत्री श्री धामी एक स्थानीय दुकान पर पहुँचे, जहाँ उन्होंने स्वयं स्थानीय कृषि उत्पाद-गडेरी (पहाड़ी बड़ी अर्बी) और अदरक खरीदी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार "वोकल फॉर लोकल" के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है और हर व्यक्ति को स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चम्पावत का हर कोना उन्हें नई ऊर्जा और प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा-"मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूँ कि मुझे चम्पावत की सेवा करने का अवसर मिला है। यहाँ की जनता का स्नेह और विश्वास मेरे लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। हम सब मिलकर चम्पावत को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाएँगे। उन्होंने ग्रामीणों को दीपावली, धनतेरस और भैया दूज की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह त्यौहार प्रदेश में सुख, समृद्धि और खुशहाली लाएँ।



# दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रदान की आर्थिक सहायता

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ियों को डिसेबल्ड स्पोर्ट्स सोसाइटी ने आर्थिक सहायता प्रदान की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समिति के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने बताया कि के अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी नीलिमा राय कुआलालम्पुर मलेशिया में होने वाले वर्ल्ड कप में पैरा लॉन बॉल चैंपियनशिप में वहीं रेखा मेहता एशियाई चैंपियनशिप श्रीलंका में होने वाली पैरा थ्रो बॉल में प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने कहा की दोनों अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के समक्ष आर्थिक दिक्कतें आ रही थी जिसको लेकर डिसेबल्ड स्पोर्ट्स सोसाइटी ने दोनों खिलाड़ियों के



हवाई जहाज से आने-जाने व अन्य खर्चो का जिम्मा उठाते हुए उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार उत्तराखंड के खिलाड़ियों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है क्योंकि खिलाड़ी राष्ट्र का गौरव है। समिति के माध्यम से हर खेल को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाता है ताकि खिलाड़ी अपने गांव, क्षेत्र ,शहर, राज्य और राष्ट्र का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने दोनों ही खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। आवास विकास में समाजसेवी जेबी सिंह के कार्यालय में दोनों खिलाड़ियों को चेक सौंपे गए। इस दौरान समाजसेवी और उद्योगपति बलराम अग्रवाल, राजेश शर्मा, सुरेंद्र अदलखा, सुभाष अरोरा अशोक सिंघल नीलकंठ राणा, राजेश कोली, हरीश चौधरी मौजूद थे।

# नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री परिहार का भाजपा कार्यालय में हुआ स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री कुंदन सिंह परिहार के प्रथम बार हल्द्वानीआगमन पर भाजपा जिला नैनीताल द्वारा कुमाऊँ संभागकार्यालय में स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलन व वंदे मातरम् के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री श्री परिहार ने शीर्ष नेतृत्व का आभार करते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को राष्ट्र प्रथम, संगठन द्वितीय व व्यक्ति अंतिम की भावना को आत्मसात करने का आवाहन किया। विदित है कि पूर्व में श्री




परिहार ने विधानसभा चुनाव में विस्तारक योजना के प्रदेश सह संयोजक, लोकसभा चुनाव में विस्तारक योजना के प्रदेश संयोजक, प्रदेश के प्रशिक्षण प्रमुख व विभिन्न राज्यो में प्रवासी विस्तारक के तौर पर काम किया है। उन्होने विश्वास दिलाया कि संगठन की मजबूती हेतु बूथ स्तर तक पार्टी को और गतिशील बनाया जाएगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट व संचालन जिला महामंत्री रंजन बर्गली व विनीत अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में लालकुआँ विधायक मोहन सिंह बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दीपा दर्मवाल, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, साकेत अग्रवाल, महेन्द्र सिंह नेगी, प्रदीप जनौटी, प्रताप रैक्वाल, पुष्कर जोशी, आशीष मल्होत्रा,मधुकर श्रोत्रिय, नीरज बिष्ट, नितिन राणा, संजय पाण्डे, हेमन्त बिष्ट, पंकज पाण्डे, विनोद तिवारी, अमित चौधरी, रत्नेश साह सहित अनेकों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लम्बित मांगों को लेकर धरने पर बैठी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तरांचल आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के बैनर तले आज आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर कलैक्ट्रेट परिसर में धरना दिया और तहसीलदार दिनेश कुटौला को ज्ञापन दिया। धरना स्थल पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने मानदेय 26 हजार रूपये प्रतिमाह करने, आंगनवाड़ी को राज्य कर्मचारी घोषित करने, स्टेशनरी और आने जाने का भत्ता देने, पदोन्नति के लिए रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने, मोबाईल रिचार्ज पैसा बढ़ाने, सामान ढुलान के लिए प्रति माह एक हजार रूपये देने, राखी व दीपावली पर बोनस देने आदि की मांग उठाई। धरने पर बैठने वालों में संगीता, सुमन, रीनू, दीपा, मोनिका, रेखा, शीला, कांति देवी, स्नेहलता, रजनी, गीता, शालिनी, प्रवेश, शिमला, रूखसाना, कुसुम, भूरी, रजनी, बबीता, ममता, शबनम, फूलजहां, उर्मिला, भागवती, हरबंस कौर, गुलशन सकलेश आदि मौजूद रहे। ,



# दवा विक्रेताओं का शिष्टमंडल आईजी से मिला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट मेडिकल एसोसिएशन नगर शाखा व प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस महानिरीक्षक ऋद्धिम अग्रवाल से मिला। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारीयों व मेडिकल स्टोर स्वामियों द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं से पुलिस महा निदेशक को अवगत करते हुए बताया गया कि स्थानीय पुलिस द्वारा आए दिन मेडिकल स्टोर में जाकर ड्रग डिपार्टमेंट के नियमों की जांच की जा रही है। जो कि ठीक नहीं है। वहीं पुलिस महा निरीक्षक द्वारा भरोसा दिलाया गया कि नियमों के अनुसार कार्य करने वाले किसी भी मेडिकल स्टोर संचालकर्ता को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारीयों को निर्देशित किया गया कि संस्था तुरंत सभी मेडिकल स्टोर में लाइसेंस और सीसीटीवी जैसी गंभीर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करें। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहनी पूर्व अध्यक्ष उमेश जोशी, चंद्रशेखर पंत, पूर्व महामंत्री राजकुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, कोषाध्यक्ष गिरीश जोशी, हिमांशु वार्ष्णेय,दीपक तिवारी, डॉ हेमलता मिश्रा,



अनुज भट्ट, मोहम्मद अकरम, गोविंद बगड़वाल, विनोद मलकानी, नितेश जोशी,प्रशांत सनवाल सहित कई मेडिकल स्टोर स्वामी मौजूद थे।

# मजबूती से चल पड़ा कमजोर पैरों वाला श्रद्धालु

## दो वर्षीय पैदल यात्रा पर निकला प्रशांत, करेगा 12 ज्योतिर्लिंगों का दर्शन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। आस्था और संकल्प जब मिल जाएं, तो संसाधनों की कमी भी आड़े नहीं आती। शक्तिफार्म क्षेत्र के राजनगर रतनफार्म नंबर-3 निवासी प्रशांत मिस्त्री (27 वर्ष) ने ऐसी ही मिसाल पेश की है। दोनों पैरों से शारीरिक रूप से कमजोर प्रशांत मात्र 200 उधार लेकर 12 ज्योतिर्लिंगों और अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों की दो वर्ष की पैदल यात्रा पर निकल पड़ा है। करीब 24 दिन पूर्व घर से निकले प्रशांत ने यात्रा शुरू करने से पहले अपनी माँ सुमित्रा मिस्त्री (64 वर्ष) के चरण स्पर्श किए। उस समय घर में पैसे न होने पर माँ ने पड़ोसी से 200 उधार लेकर बेटे को दिए। इसके बाद प्रशांत ने घर से निकलते हुए कहा कि अब आगे का सहारा केवल भगवान हैं।प्रशांत ने दूरभाष पर जानकारी दी कि वह इस समय राजस्थान के रामगढ़ में है और आगे बालाजी धाम की ओर बढ़ रहा है। उसके



अनुसार, यह यात्रा लगभग दो वर्ष में पूरी होगी। रास्ते में लोग भोजन, पानी और ठहरने में उसकी मदद कर रहे हैं।प्रशांत के अनुसार, पिछले वर्ष उसने केदारनाथ धाम की पैदल यात्रा पूरी की थी, जिसमें उसे करीब तीन माह लगे थे। उसी अनुभव से प्रेरित होकर उसने 12 ज्योतिर्लिंग यात्रा का संकल्प लिया। राजनगर के पूर्व प्रधान अशोक माली ने बताया कि प्रशांत दो भाई और दो बहनों में सबसे छोटा है और अविवाहित है। बचपन से ही वह धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है। सीमित संसाधनों और कमजोर पैरों के बावजूद उसकी हिम्मत और भक्ति पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशांत जैसे युवाओं को समाजिक और प्रशासनिक स्तर पर प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

## पेज एक का शेष...

**प्रदेश के हर क्षेत्र...**पर्यटन और शिक्षा से जुड़े अवसरों को भी नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों के साथ-साथ भू-कटाव रोकने और स्थानीय जल निकासी व्यवस्था के सुधार पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि सड़क लंबे समय तक टिकाऊ और सुरक्षित बनी रहे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि खटीमा अब शिक्षा का हब बन चुका है, जहाँ से प्रदेश ही नहीं बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों के विद्यार्थी भी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि उत्तराखंड का हर क्षेत्र सुगम, सशक्त और समृद्ध बने। विकास की हर परियोजना जनता के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। खटीमा-मेलाघाट सड़क परियोजना भी इसी दृष्टि से एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कनेक्टिविटी ही विकास की रीढ़ के संकल्प को आगे बढ़ा रही है। इसी भावना के अनुरूप राज्य के प्रत्येक क्षेत्र में सड़कों का विस्तार और आधुनिकीकरण तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने सड़कों को गढ्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को आगामी दीपावली और अन्य त्योहारों की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि पर्वों के अवसर पर राज्य की सुरक्षा, सौहार्द और स्वच्छता बनाए रखना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दर्जामंत्री फरजाना बेगम, अनिल कपूर डब्बू, शंकर कोरंगा, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, मोहनी पोखरिया, किशन सिंह (किन्ना), जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, मुख्य चिकित्साधिकारी के के अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता लो0नि0वि0 अनिल पांगती, अधिशासी अभियंता एनके0 अग्रवाल एवं अनेक जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद थी।

**पहचान छिपाकर ...**पीड़िता के अनुसार आरोपी ने उसे धमकी देकर रुद्रपुर के एक होटल में बुलाया और जबरन शारीरिक शोषण किया। घटना के दौरान महिला को ज्ञात हुआ कि आरोपी की असली पहचान आहद खान पुत्र तसलीम खान निवासी किच्छा है, जो मुस्लिम पहचान छिपाकर फर्जी हिन्दू नाम का इस्तेमाल कर रहा था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी मण्किांत मिश्रा के आदेश पर तत्परता से जांच की गई। कोतवाली में सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी आहद खान को काशीपुर रोड स्थित गल्ला मंडी के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से फर्जी आधार कार्ड भी बरामद किया गया, जिसमें उसका नाम आहद ठाकुर दर्ज था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने महिला को धोखे में रखकर होटल बुलाया और जबरदस्ती की। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि होटल में आसानी से प्रवेश पाने और संदेह से बचने के लिए उसने अपने आधार कार्ड में फर्जी नाम परिवर्तन कराया था। आरोपी को विधिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध कोई भी अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पहचान छिपाकर छल, ब्लैकमेलिंग या किसी भी प्रकार की मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना करने वाले अपराधियों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**मासूम के साथ...**चिल्लाने लगी, इसी दौरान फार्म में मौजूद जयदीप ने जब बच्ची के चीखने की आवाज सुनी तो फार्म के मजदूरों के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने देखा कि बच्ची युवक के गोद में नग्न हालत में थी, लोगों को आता देख आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। बच्ची को मौके पर नग्न हालत में पाया गया। जयदीप ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में एसपी क्राईम निहारिका तोमर, कोतवाल मोहन पाण्डे, एसआई महेश काण्डपाल दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और मौके पर मौजूद लोगों से विस्तृत जानकारी ली। सूचना पर गौ रक्षा दल के विराट आर्या एवं समाजसेवी सुशील गावा भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गये। आस पास खेतों में पुलिस ने काफी देर तक आरोपी की तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बदहवास हालत में बच्ची अपना नाम पता कुछ नहीं बता पा रही है। आरोपी युवक कहां से बच्ची को लेकर आया इसका पता लगाने के लिए पुलिस आस पास कैमरे खंगाल रही है।

**सीएम ने ...**के उधमसिंह नगर के गदरपुर एवं किच्छा क्षेत्र के 25 ग्रामों में संचालित सचल चिकित्सा वाहन में डाक्टर, स्टाफ नर्स, काउन्सलर के माध्यम से परामर्श, जांच उपचार करने के लिए प्रारम्भ की गई है। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत अजय मौर्य,नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी,जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केके अग्रवाल, प्रोजेक्ट समन्वयक हंस फाउंडेशन मोहम्मद शाजिद,प्लांट डायरेक्टर हिन्दुस्तान जिंक अनामिका झा, उप निदेशक मुरूगन मानी, सीएसआर हेड नमरायशा, उप निदेशक ममता एचआईएमसी मुरारी चन्द्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक ममता संगठन हेमेन्द्र शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी तान्या सिंह, डॉ0 राकेश आदि मौजूद थे।

# पालिकाध्यक्ष रमेश जोशी के आवास पर पहुंचे सीएम धामी

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने एक दिवसीय खटीमा दौरे के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी



के आवास पर पहुंचकर उनके परिवार से मुलाकात की और कुशलक्षेम जाना। हाल ही में संपन्न हुए नगर पालिका चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में रमेश चंद्र जोशी ने रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज की थी। उनकी इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई दी और खटीमा क्षेत्र के विकास में उनके प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री के आगमन पर रमेश चंद्र जोशी ने अपने आवास पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को खटीमा क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी भी दी, जिनमें नगर की आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं जनहित से जुड़ी आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने की बात कही गई। मुख्यमंत्री ने रमेश चंद्र जोशी की धर्मपत्नी और बच्चों से भी सौहार्दपूर्वक बातचीत की और उनके पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें पूर्व जिला पंचायत सदस्य किशन सिंह, नगर मंडल के पूर्व महामंत्री मनोज वाधवा, वरिष्ठ भाजपा नेता रवीश भटनागर, कमल चौहान, भुवन भट्ट, विवेक रस्तोगी, कपिल अग्रवाल, अजय गोयल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र राणा, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, डीएम ऊधम सिंह नगर, एसपी रणदीप पोखरिया, सशंक वर्मा, सूरज जोशी, राहुल सक्सेना सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा बैग जिसमें एक्सिस बैंक शाखा पडरी सितारगंज के हस्ताक्षरित चैक सं. 409979 व 409980 एवं अन्य चैक 409981 से 409985 एवं आधार कार्ड, पीएनबी का एटीएम रखा था । वास्तव में कही गुम हो गया है। जिनका किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग अवैध माना जायेगा।

राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री रिशिपाल सिंह ,निवासी - शिमला पिस्तौर, लालपुर, (उधमसिंहनगर)

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Vipasa Mandl (पुराना नाम)से बदलकर अब Vipasa Mondl Roy(नया नाम)कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे Vipasa Mondl Roy(नया नाम) पत्नी श्री सुमित मंडल के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

विपासा मंडल पत्नी श्री सुमित मंडल, निवासी-वार्ड न.- 25, फाजलपुर महरौला, शनि मंदिर, रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।



E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गुरु तो गुरु, चेला भी दो कदम आगे, जीओ जारी होते ही दिया बोनस

## एक घंटे में नगर निगम कर्मचारियों को जारी किया दिवाली बोनस

रुद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों की दिवाली को और अधिक रोशन करने के लिए बड़ा निर्णय लेते हुए महंगाई भत्ता और बोनस देने का आदेश जारी किया। आदेश जारी होने के महज एक घंटे के भीतर, रुद्रपुर नगर निगम ने तत्परता और कार्यकुशलता का ऐसा उदाहरण पेश किया जो पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से बुधवार को प्रदेश के ढाई लाख से अधिक कर्मचारियों को 58 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता और अराजपत्रित कर्मचारियों को दिवाली बोनस दिया जाएगा। इस घोषणा के बाद शासन की ओर से औपचारिक जीओ भी जारी किया गया। जीओ जारी होते ही रुद्रपुर नगर निगम के महापौर विकास शर्मा ने एक पल भी देर न करते हुए नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के साथ आपात बैठक बुलाई। बैठक में आदेशों के पालन हेतु आवश्यक सभी औपचारिकताओं और स्वीकृतियों को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए गए। निगम प्रशासन ने रिकॉर्ड समय में सभी प्रक्रियाएँ पूर्ण कर लीं और सिर्फ एक घंटे में कर्मचारियों के खातों में प्रति व्यक्ति लगभग 6900 की बोनस राशि ट्रांसफर जारी कर दी। नगर निगम की इस तत्परता को लेकर शहरभर में चर्चा है। जहां प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को



कर्मचारियों के हित में किए गए फैसले के लिए सराहा जा रहा है, वहीं रुद्रपुर के मेयर विकास शर्मा ने अपनी तेज और संवेदनशील कार्यशैली से सभी को प्रभावित किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा राज्य सरकार का उद्देश्य हमेशा से कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनके जीवन में खुशहाली लाना रहा है। महंगाई भत्ता और बोनस की घोषणा हमारी उसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। हमें खुशी है कि प्रदेश के कर्मचारियों की दिवाली इस बार और भी खास होने जा रही है। महापौर विकास शर्मा ने कहा हमारे लिए कर्मचारी ही निगम की असली ताकत हैं। उनका समर्पण ही शहर को आगे बढ़ाता है। सरकार द्वारा जारी आदेशों को लागू करने में देरी का कोई औचित्य नहीं था, इसलिए हमने निर्णय लिया कि एक घंटे के भीतर बोनस उनके खातों में पहुँचा दिया जाए। कर्मचारियों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने भी पूरी प्रशासनिक प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि जैसे ही आदेश मिला, हमने वित्तीय अनुमोदन से लेकर बैंक ट्रांसफर तक सभी प्रक्रियाओं को रिकॉर्ड समय में पूरा किया। टीमवर्क और सकारात्मक सोच से सब कुछ संभव हुआ। नगर निगम कर्मचारियों ने महापौर और नगर आयुक्त दोनों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह सुनहरा अवसर है जब सरकार का आदेश जारी होते ही बोनस की राशि उनके खाते में पहुंच गई। इससे कर्मचारियों में दिवाली की खुशियां पहले ही शुरू हो गई हैं। प्रदेश भर में जहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्णय को "कर्मचारी हितैषी कदम" के रूप में सराहा जा रहा है, वहीं रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा ने यह साबित कर दिया है कि गुरु तो गुरु, चेला भी दो कदम आगे है।











